روپیہ سے زیادہ کی قیمت اداکرنی پڑ رہی ہے۔ کافی عرصہ سےکسانوں کو یہ شکایت ہے کہ زراعت کو کوئی سپورٹ نہیں مل رہا ہے۔ بیجوں اور کھاد وغیرہ کی لاگت بہت اونچی ہوگئی ہے۔ فصلوں کی قیمت کم مل رہی ہے۔ زراعت کا سیکٹر پوری طرح بے ترتیبی اور انتشار کا شکار ہو چکا ہے۔ زراعتی پیداوارکو لانے ، لے جانے اور اسکا اسٹاک رکھنے کی پوری آزادی کسانوں کو ہونی چاہئے۔ اس پر ہر طرف کے کنٹرول کو ہٹایا جانا ضروری ہے۔آج صورتحال یہ ہے کہ کسان اپنی پیداوار میں اضافہ تو کر سکتا ہے لیکن اپنی مرضی سے اپنے سامان کو بیچنے کے لئے وہ آزاد نہیں ہے۔ وہ ا سے سرکار کی طے کر دہ پالیسیوں پر ہی دے سکتا ہے۔ زداعتی پیداوار کی سپلائی میں درپیش مشکلات اور روکاوٹیوں کو دور کرنے کا سب سے بہتر طریقہ میری نظر میں یہ ہے کہ کسان کو اسکی تجارت آزادانہ طور پر کرنے کی پوری اجازت دی جائے اور اسمیں درآمد بر آمد کی آزادی بھی شامل ہونی چاہئے۔ لیکن آج صورتحال یہ ہے کہ برآمد تو دور کی بات ہے ایک صوبے سے دوسرے صوبے میں بھی آزادانہ طور پر کسان اپنی فصل کو، اپنی چیز کو، اپنے اناج کو نہیں لےجاسکتا ہے۔ اس لئے گئی ہے ۔ کہا گیا ہے کہ زراعت پر ہمارے ملک کی محیشت کا خاص دارومدار ہے اور زراعت ہماری آبادی کی اکثیریت کو روزی ٹراہم کرتی ہے۔ ہم اپنے محنتی کسانوں کو دلی مبارکباد دیتے ہیں، جو بہت مشکلات کے باوجود کرشی کے میدان میں ملک کی خوراک کی ضروریات کو پورا کرنے میں کامیاب ہوئے ہیں۔ صدر جمہوریہ نے پیرا گراف ۱۷ میں اس بات کو کہا ہے ۔ سر، میں کہنا چاہتا ہوں کہ کسانوں کے کمالات کوتو بیان کہا گیا ہے مگر یہ سرکار کسانوں کی کتنی ان دیکھی کر رہی ہے ذرا اسکا بھی جائزہ آرتھک اعتبار سے لینا ضروری ہے۔جب شہروں میں بسنے والے صارفین نے ایک کلو پیاز ۶۰ روپے میں خریدی تھی تب ایک متوسط درجہ کے کسان کو اس زمانے میں اپنی پیاز کی پیداوار کے سلسلے میں پانچ سے سات روپے کلو سے زیادہ کی قیمت نہیں ملی تھی۔ جب ارہر کی دال شہروں میں ۴۰ روپیہ کلو بکتی ہے تو کسانوں کو اپنی فصل پر ۱۴ روپیہ سے لیکر ۱۸ روپیہ تک کی قیمت ملتی ہے۔ کافی دنوں سے صارفین کو ایک کلو عام قسم کے چاول پر ۱۰ سے ۴۰

†[ ]Transilteration in Arabic Script

کو نہلاتا ہے، سیر آب کرتا ہے، مٹی کٹ کر تباہ ہو جاتی ہے۔ یہ کسان کی پونجی نہیں، یہ بھارت کی پونجی ہے، تمام ہندوستان کی پونجی ہے۔ کروڑوں ہاتھ پیر آج بیکار ہیں۔ کروڑوں دل دماغ جنکو روٹی روزی سے نہیں لگایا گیا ہے اگر یہ لاکھوں ہیکٹیر زمین تمام لوگوں کے حوالے کے دی جائے جس سے روزی روٹی کا راستہ پیدا ہوتو ہمارے جوانوں کو کوئی خرید نہیں سکتا ہے ہمارے ہی جوان آتنکواد کا اتنک وادی بنکر شکار ہوئے ہیں، ہمارے ہی جوانوں کو گمراہ کیا گیا ہے۔ ہندوستان کے لوگ جنکے پیٹ میں روٹی نہیں جاتی ہے، انکے دل بھی خریدے جاتے ہیں، دماغ بھی خریدے جاتے ہیں، انکے ہاتھ پیر کا بھی استعمال دیش کا دشمن دیش کے خلاف کرتا ہے۔ اسلئے میں یہ کہنا چاہونگا کہ ان بنجر زمینوں کو ان تمام لوگوں کے اندر تقسیم کر دیا جائے، جو لوگ روزی روٹی سے محروم رہ کر اس ملک کیں اپنے مستقبل کواندھیرے میں دیکھ رہے ہیں۔ آج بھی کروڑوں لوگ دیش میں ایسے ہیں جنہیں آزادی کا سورج عملا دیکھنے کو نہیں ملا ہے۔ آزادی کا سورج چند مٹھی بھر لوگوں کے سروں پر لوع ہوا ہوگا، مگر غریب کی جھونپڑی میں

زداعتی پیداوار کی آزادانہ تجارت کے لئے مارکیٹ کی سہولیت کا ہونا لازمی ہے۔ افسوس کی بات ہےکہ آج ملک میں زداعتی پیداوار کے لئے کوئی قومی مارکیٹ نہیں ہے۔ قومی مارکیٹ کا ذکر تو بہت دور کی بات ہے ہندوستان کے پشتر علاقوں میں زداعتی پیداوار کے مارکیٹ نرادر ہیں۔ اور بہار، اڑیسہ کے بعض علاقوں میں فوڈ کارپوریشن آف انڈیا کے خریداری کے مرکز بھی نہیں ہیں جس کے نتیجے میں کسانوں کو اناج سپورٹ پرائز سے بھی کم قیمت پر بیچنا پڑ رہا ہے۔ ستر فیصد سے زیادہ مونگ پھلی کا تیل کنٹرول مارکیٹ سے باہر بیجا جاتا ہے۔ جسکا فائدہ بچولئے اور دلال اٹھایا کرتے ہیں۔ دیہی علاقوں میں بنیادی ڈھانچہ وسیح پیمانے پر موجود ہے لیکن سرکار ا سے استعمال کر نے میں ناکام رہی ہے۔ اگر بنیادی ڈھانچہ کی سہولتیں پہنچائی جائیں تو ملک میں ایک بار پھر سبز افقلاب لایا جا سکتا ہے۔

سر، میں کہنا چاہتا ہوں کہ لاکھوں ہیکٹیئر زمین اسی ملک میں بیکار پڑی ہوئی ہیں۔ بنجر پڑی ہوئی ہیں، برسات کے زمانے میں پانی جس وقت اس زمین

† [ ]Transilteration in Arabic Script

یہ کہنا چاہونگا کہ اس پیراگراف سے کچھ اور ثابت ہوتا ہو یا نہ ہوتا ہو، لیکن یہ بات ضرور ثابت ہو رہی ہے کہ اس سرکار کی نظر میں سیکولرازم صرف اس بات تک سیمت اور محرود ہے کہ فرقہ وارانہ فسادات میں مرنے والوں اقلیتی فرقہ کے لوگوں کی تعداد کچھ کم ہو جائے اور بس۔ انھیں اس بات پر فخر ہے کہ ہمارے زمانے میں مرنے والے اقلیتوں کے لوگوں کی تعداد کچھ کم ہو گئی ہے، مگر میں کہنا چاہتا ہوں کہ کیا سیکولرازم کی صحیح پریبھاشا ہے کہ لوگ مر رہے ہیں انکی تعداد کچھ کم کر دی جائے؟ میں کہنا چاہونگا مرنے والوں کی تعداد کم ہوئی اس پر یہ خوشی منا رہے ہیں؟ ہمیں ازحد خوشی ہوتی ہے اگر صدر جمہوریہ اپنی سرکار کے سیکولرازم کے ریکارڈ میں یہ دکھلاتے کہ ۱۹۹۸ میں سرکار نے مائنارٹیز کو انکے بنیادی حقوق دلانے میں کتنی ترقی کی ہے۔ بھارت میں آیئنی رو سے بھارت کے ہر شہری کو مساوات کا برابری کا درجہ حلے صل ہے۔ آج ہماری اقلیتیں سماجی او رتعلیمی حیثیت سے پسماندہ ہیں۔ آیئنی حق مسادات کے تحت سرکار کو اختیار دیا گیا ہے کہ وہ شہریوں کی کسی سماجی اورتعلیمی آج بھی اندھیرا ہے۔ غریب آج بھی آرتھک غلامی زنجیروں میں کسا ہوا ہے۔ غریب آج بھی آرتھک اعتبار سے اور تعلیمی اعتبار سے کمزور کر اپنی زندگی گزار رہا ہے۔

سر۔ اسی کے ساتھ ساتھ ایک بات اور کہنا چاہونگا کہ صدر جمہوریہ نے اپنے خطبہ کے آٹھویں پیراگراف میں یہ کہا ہے کہ سرکار اقلیتوں کے تحفظ کےلئے پوری طرح پابند ہے۔ بی جے پی کے میرے بھایئوں کو تھوڑا سا موقع مل گیا ہے، پھر میں ان سے کہنا چاہوں گا کہ:

برگ حنا پر لکھتا ہوں میں درد دل کی
بات شاید کہ رفتہ رفتہ لگے دل رباکے ہاتھ

اس سلسلے میں صدر جمہوریہ نے گجرات، مدھیہ پردیش او ر اڑیسہ کے حالات پور واقعات کی طرف اشارہ کرتے ہوئے کہا ہے کہ ریاستی سرکاروں کوہدایت دی گئی ہےکہ پولیسے تمام معاملات میں مجرموں کو جلدی گرفتار کر لیا جائے۔ سرکار کے سیکولرازم کا ثبوت پیش کرتے ہوئے یہ کہاگیا ہےکہ پچھلے دس سالوں کےمقابلے میں ۱۹۹۸ میں فرقہ وادانہ تشرد میں موت کے واقعات سب سے کم ہوئے ہیں میں نے یہ پیراگراف ۸ پڑھ دیا ہے۔ میں اسکی روشنی میں

†[ ]Transilteration in Arabic Script

لوگوں کو ہر اساں کرنے کی کوشش کی گئی ہے۔ عیسائیوں کے چرچ ہوں یا مسلمانوں کے مد سے ہوں مسجد ہوں، کوئی بھی اس سرکار کے دور میں اسکے ظلم وستم سے نہیں بچ پایا ہے۔ اسکے باوجود اس سرکار کو سیکولرازم کا علم بردار بتایا جا رہا ہے، میں تو صرف اتنا ہی کہہ سکتا ہوں کہ:

ترے وعدے پہ جئے ہم تو یہ جان جھوٹ جانا

کہ خوشی سے مر نہ جاتے اگر اعتبار ہوتا

میں دو باتیں کہہ کر بات ختم کرنا چاہونگا۔ سر، اقلیتوں کو ڈرانے اور دھمکانے کا جو ماحول ملک میں بنا ہوا ہے وہ سب لوگ جانتے ہیں کہ اسی سرکار کے سہیوگی نان پالیٹیکل دل، اقلیتوں کو مٹانا چاہتے ہیں۔ انکی مزہبی شناخت کو برباد کرنا چاہتے ہیں۔ سر، اخبارات میں یہ پڑھکر ہمیں پڑی چنتا ہے کہ بجرنگ دل کی طرف سے اعلان ہوا ہے کہ بقرا عید کے دن مہاویر جینتی ہے، مہاویر جینتی بقرا عید کے دن پڑ رہی ہے، اسلئے مسلمانوں کو قربانی نہیں کرنے دی جائیگی۔ میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ یہ سرکار ایک طرف تو سیکولرازم کا ڈھنڈورا پیٹ رہی ہے اور دوسری طرف غیر سیاسی اس ملک کے قانون

حیثیت سے پسماندہ طبقہ کی ترقی کے لئے خصوصی اقدام کر سکتی ہے۔ بہتر یہ ہوتا کہ صدر کے خطبے میں یہ بھی بتایا جاتا کہ سرکار نے اقلیتوں کی سماجی اور تعلیمی ترقی کے لئے کیا کیا اقدامات کئے ہیں، لیکن پریزیڈینشیل ایڈریس میں پڑھے کسی قدم کا کوئی ذکر نہیں کیونکہ ایسا کوئی قدم سرکار کے ایجنڈے میں نہیں ہے۔ اسکے برعکس اس سرکار کے ایجنڈے میں اقلیتوں کو انکے حقوق سے محروم کرنا شامل ہے۔ بہتر ہوتا کہ صدر کے خطبے میں اس سرکار کے ان اقدامات کا بھی ذکر کر دیا جاتا جو اسنے اقلیتوں کو انکے حقوق سے محروم کرنے کے لئے اٹھائے ہیں میں کہتا ہوں کہ آئیں کے دئے ہوئے بنیادی حقوق کے تحت تمام اقلیتوں کو خواہ وہ مزہب کی بنیاد پر ہوں یا زبان کی بنیاد پر، انکے تعلیمی اداروں کو قائم کرنا اور انتظام کرنے کا حق انہیں دیا گیا ہے۔ لیکن اس سرکار کا ریکارڈ بتاتا ہے کہ اسکے دور میں اقلیتوں کے تعلیمی اداروں پر حملے ہوئے ہیں۔ اقلیتوں کے تعلیمی اداروں کو بے بنیاد الزام مات کا نشانہ بنایا گیا ہے ۔ اقلیتوں کے تعلیمی اداروں سے متعلق

†[ ]Transliteration in Arabic Script

ریکارڈاس سرکار کا بنے۔

آخری بات میں یہ کہنا چاہونگا کہ خطبہ صدارت میں یہ صاف طریقہ سے کہا گیا ہےکہ ہم اقلیتوں کی حفاظت کے حامی ہیں۔ ہماری ذمہ داری ہے کہ ہم اقلیتوں کے جزبات کا احترام کریں ، مگر سر۔ اقلیتوں کے جزبات کا احترام کرنے کے سلسلے میں یہ سرکار کتھنی اور کرنی میں کتنا بنیادی فرق رکھتی ہے۔ آخری بات کہکر میں اپنی بات ختم کرنا چاہونگا۔ سر، معاملہ یہ ہے کہ مسلمانوں میں یہ عقیدہ عام ہے کہ انکے پیغمبر حضرت محمد صلی اللہ علیہ وسلم کے خلاف اگر کوئی مسلمان بکواس کرتا ہے تو ہو اسلام میں داخل نہین رہ سکتا۔ اس مسلمان کو اگر اسنے مسلمان ہوکر پیغمبر کو گالی دی ہے تو واجب القتل ہے سمجھا جاتا ہے۔ اس بنیاد پر قرآن کو شیطانی آیات کہنے والے، پیغمبر کو گالی پڑنے والے، پیغمبر کی بیویوں کو ابد شبد بولن والے اور اپنی کتاب میں لکھنے والے سلمان رشدی نے جب یہ سارے ناٹک کئے تھے تو اس زمانے میں وزیراعظم ہندوستان جناب راجیو گاندھی اسکی اس کتاب کو بین کیا تھا۔ بیس سال کا عرصہ ہو گیا آج تک ساری سیلولر سرکاریں اس کتاب کو بین کئے ہوئے ہیں اورا سے بھی

توڑک لوکوں کے اوپر کوئی لگام لگا نے کے لئے تیار نہیں ہے۔ بے شمار اسطرح کی چنوتیاں ہمارے سامنے آتی ہیں ۔ میں کہنا چاہونگا کہ یہ سرکار سیکولرزم کی حفاظت کے لئے عملی اقدامات کرے اور ان غلطیوں سے باز آجائے جنکے تیتجہ میں ملک کے بچوں کو یتیم بنا چکی ہے۔ ملک کی عورتوں کو بیوہ ہونے کا داغ دے چکی ہے اور اس ملک کے نوجوانوں کی کمرتوڑ چکی ہے۔

سر، ایک بات اور کہنا چاہونگا۔ بیشتر اخباروں میں گجرات کے مدرسوں کے سلسلے میں بھی یہ آیا ہے کہ گجرات کے مدسوں میں پولیس مانیٹرنگ کر رہی ہے۔ پولیس جاکر سبجیکٹ دیکھ رہی ہے کہ کیا پڑھایا جا رہا ہےاور کیا نہیں پڑھایا جا رہا ہے۔میں یہ عرض کرنا چاہونگا کہ اقلیت کو، ہر بھارتی ناگرکو اپنے اپنے دھرم کرم کی بنیاد پر جیسے لکھنے ،پڑھنے اور رہنے سہنے کا حق ہے ۔ یہ مہان دیش او راس مہان دیش کی جنتا اور اس مہان جنتا کے بیچ بنا ہوا مہان قانون اسکی اجازت دیتا ہے۔ یہ سرکار کوئی کام ایسا نہ کرے جسکے ذریعہ مزید بدنامیوں کا

†[ ]Transilteration in Arabic Script

نہیں کر سکتے میں تمام لوگوں سے گزارش کرتا ہوں کہ مزہبی بزرگوں اور پوروجوں کے کریکٹر پر جو لوگ حملہ کر رہے ہیں ، انکی نندا ہونی چاہئے اورپاپیسے ناپاک لوگوں کو بھارت کی پاک اور پوتر دھرتی پر قدم رکھنے کی اجازت نہیں دینی چاہئے ۔ انہی جملوں کے ساتھ میں یہ کہنا چاہونگا کہ:

یہ قصہ لطیف ابھی ناتمام ہے
جوکچھ بیاں ہوا ہے وہ آغازباب تھا

میں اس سرکار کوکسی بھی مبارکباد کا مستحق نہیں سمجھتا۔ اس لئے خطبہ ضرارت پر اپنے وچار اور اپنے اعتراضات کو قائم رکھتے ہوئے آپ سے رخصت ہوتا ہوں۔ بہت بہت شکریہ۔ "ختم شد"

SHRI PREM CHAND GUPTA (Bihar): Sir, certain doubts were raised ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): Please take your seat. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*... I am not allowing.

SHRI PREM CHAND GUPTA:*

SHRI GOPALSINH G. SOLANKI: *

SHRI MAURICE KUJUR (Orissa): Sir, Gandhiji on being asked by one of his disciples about the model of independent India, once said, "I shall work for an India in which the poorest shall feel that it is their country, in whose making they have an effective voice, an India in which there shall be no high class and low class of people, an India in which all communities shall be in a perfect harmony."

بھارت آنے کی اجازت نہیں دی گئی ہے۔ مگر میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ اس سرکار نے سلمان رشدی کو بھارت آنے کا ویزہ دے کر سنکیت یہ دیا ہے کہ جس آدمی کے خلاف پوری دنیا کے مسلمانوں کے دل ودماغ تڑپ رہے ہیں، اس آدمی کو ہندوستان میں بلاکر یہ سرکار مسلمانوں کے زخموں پر مرحم تو کیا رکھتی ،انکے زخموں پر نمک پاسی کر رہی ہے۔ بنے ہوئے اچھے ماحول کو بگاڑنا چاہتی ہے۔ میں یہ ریلویسٹ کرنا چاہوں گا آپکے مادھیم سے، آپکے ذریعہ سے، ہندوستان کی اس مرکزی سرکار سے کہ عقل کے ناخن لے، دیش کے امن وسکون کو غارت نہ کرے اورپاپیسے آدمی کو نہ بلائے جو آدمی پیغمبر کو گالی دیتا ہے، قرآن کو گالی دیتا ہے۔ اسلئے کہ ہم ہر دھرم کی عزت کرتے ہیں۔ اگرکوئی سیتا جی کوگالی دےگا اور سیتا جی کے اوپر برے الفاظ کے ساتھ حملہ کرے گا تو میں سمجھتا ہوں کہ کوئی پڑھا لکھا انسان اس بات کو برداشت نہیں کر سکتا۔ اگر کرشنا کی رادھا کے خلاف کوئی آدمی بکواس کرے اور انکے کریکٹر پر حملہ کرے گا تو ہم کبھی بھی اسکو برداشت

†[ ]Transilteration in Arabic Script

But, today the biggest challenge is communal harmony. I think this challenge never posed a question earlier in such a big way.

Sir, the hon. President in his Address to the Parliament has said, "The Government is firmly committed to uphold secularism which has deep roots in society and polity. ...The Government is fully committed to the protection of minorities. The State Governments have been advised to quickly apprehend the culprits in all such cases." But, Sir, no clear vision of the Government has been mentioned to curb the organisations which are spreading the seeds of poison to disrupt the communal harmony and are determined to threaten the fabric of secularism of the country. The hon. President has further said in his address, I quote, "The recent incidents in Gujarat, Madhya Pradesh and Orissa have caused us anguish and concern." But it appears that the Government has taken a casual view of these incidents. Our deep concern is, the recent incidents have taken place in tribal pockets; whether it is in Gujarat or Madhya Pradesh or Orissa. Sir, such attacks on Christians, in such a manner, were there never before. What happened during the last eleven-month rule of this Government? There is a well-planned move behind such incidents to divide the tribals, in the name of religion. After such incidents in Gujarat, the hon. prime Minister had visited the area and started talking about a national debate on conversions. Sir, it is just like saying "Sorry" after a deliberate kick on the back. Some hon. Members on the other side too have mentioned in their speeches about conversion and re-conversion.

Sir, yesterday, Mr. Jamir has given, at length, certain statements made by the heads of different organisations. Those statements have just provoked certain forces and elements which were bent upon and determined to destroy the peace in this country. I do not want to repeat those statements. I just quote one statement of Mr. Ashok Singhal of the V.H.P.

The Vice-Chairman (Shri John F. Fernandes) In the Chair.

He said, "The Christian missionaries are anti-national and CIA agents, out to divide the country by making all Hindus into Christians." Sir, Christianity came to India long before the independence of this country. But, today, what is the percentage of the Christians? The percentage is only 2.7. So, Sir, this very negligible percentage of Christians is creating an alarm in the minds of some members of some organisatins! The result is, they are giving such statements, in the name of conversion and re-conversion. The words— conversion and re-conversion— are mostly confined to the tribes. Sir, most of the tribes have their own way of worship. Mostly, they worship nature. Many tribes in Orissa, Bihar and Madhya Pradesh have their own religion since the time of their ancestors, which they called as "Adi Wharam." They are not actually under the umbrella of Hinduism. So, where does the question of re-conversion—*ghar vapasi*—arise? In this conversion and re-conversion scenario, there is doubt, fear and a sense of insecurity in the minds of the minorities, specially, the Christians. Hon. President in his Address further said, "Investment in literacy, education, particularly, primary education, etc., is a major priority for the Government as those determined the quality of life of our citizens and improve India's standing in the Human Development Index."

Sir, I welcome these measures of the Government, but Sir, we have already celebrated the Golden Jubilee of our independence. Now, the Golden Jubilee of our Republic draws near. Tribes, Dalits, backwards and poor sections of society should not be made satisfied just with literacy and primary education. Government should invest more on mass education and higher education. This will strengthen more the social safety nets

the tribes, Dalits, backwards and the poorest sections of our society. Sir, in 1942, the Slogan of Gandhiji to the Britishers was *'Bharat Choro',* today the slogan for us should be *'Bharat Jodo'* Sir, for the last few months some forces and elements have become very active posing a threat to our national unity and integrity. The Government must be very positive and determined in dealing with such forces and organisations. There are no such signs and gestures of the Government reflecting in the Address of the President.

So, Sir, I conclude my speech with very little hope from this Government.

श्री आर0एन0 आर्य (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर बोलने के लिए मुझे मौका मिला है, मैं माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के पैरा 60 में जो विशाल दर्शन दिश गया है, उसके लिए उनको धन्यवाद करते हुए उस बारे में कुछअपने विचार रखना चाहता हूं। पैरा 38 में बाबा साहब डा0 अम्बेडकर का जिक्र आया हैं कि उनके जन्मदिवस पर सोशियल वैल्फेयर डिपार्टमेंट का नामकरण किया गया, यह बहुत अच्छी बात हो सकती है लेकिन बाबा साहब डा0 अम्बेडकर कंट्राडिक्शन से डरते थे विरोधाभास की जिन्दगी से डरते थे, उसे आज हम सदन में, राष्ट्र में व्याप्त देख रहे हैं, बड़े दुख के साथ देख रहे हैं। विरोधाभास के इसी पैरा में, बाबा साहब डा0 अम्बेडकर के जन्मदिवस पर समाज के एक वीकर सैक्शन के लिए नामकरण हुआ है लेकिन 6 दिसम्बर को बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस हैं, उस दिन भी यहां इस देश में कोई बाबरी विघ्वंस की घटना घटी हैं, वह क्यों घटी? बाबा साहब का मान उससे नहीं बढ़ता हैं। इसी प्रकार से पोखरण टैस्ट हुए। पोखरण टैस्ट अपनी शक्ति-प्रदर्शन के लिए अच्छी बात हो सकती है। हम लार्ड बुद्ध का नाम लेते हैं पीस के लिए वर्ल्ड में। अखबारों में उस वक्त आया था। कि "लार्ड बुद्धा इज लाफिग इन लोटस", जब पोखरण टैस्ट होता है तो "लार्ड बुद्धा इज़ वीपिंग, नॉट लाफिग", उस दिन लार्ड बुद्ध रो रहे थे कि हम हिंसात्मक प्रवृति के लिए बढ़ रहे हैं। कंगाल कंट्री में, जब हमारे विस्फोट हो गए तो दूसरी कंगाल कंट्री ने भी विस्फोट कर दिए। दोनों का अहसास हुआ अपनी इकॉनमी का तो दोनों के लोग

मिलने चले, दोनों ने हाथ मिलाने की कोशिश की।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे यहां अतिथि का बहुत आतिथ्य होता हैं, लेकिन जब पाक क्रिकेटियर आते हैं तो सैकुलरिज़म के आधार पर उनकी जो बेइज्जती हुई वह कोई अच्छी बात नहीं हैं।

महोदय, हमारे यहां कहा गया है कि-

"अतिथि यस्य गृहात् भग्रा शोक निवर्तते।

सः तस्यै दुरूकृताम दत्वा पुण्यामादाय गच्छति।।"

अर्थात जिसके यहां से अतिथि रूठकर जाता है, उसके पुण्यों को लेकर चला जाता हैं। हम जानते हैं ये लेकिन मानते नहीं हैं।

महोदय, 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा में बाबा साहब अम्बेडकर ने कहा था कि:

"On 26th January, 1950 we are entering into an age of contradiction. We will accept equality into our political life—one man, one vote; and one vote, one value. But we will deny equality into our socioeconomic life. Till we deny this equality into our socio-economic life, the real democracy we cannot perceive."

महोदय, प्रजातंत्र की सही परिभाषा के रूप में हम देखते हैं कि एक आदमी और दूसरे आदमी का वोट बराबर हैं, उनके वोट की एक ही कीमत है तो राजतंत्र में तो इस परिभाषा के हिसाब से हम सही है, प्रजातंत्र के हिसाब से सही नहीं हैं वास्तव में दो आदमियों की कीमत एक जैसी नहीं हैं। इसीलिए दलितों की हत्या होती हैं। चौपड़ा कांड में रंगा-बिल्ला फांसी पर चढ़ गए थे लेकिन दलितों की इतनी हत्याएं होने के बाद भी आज तक किसी को मुल्क में सज़ा नहीं हुई। कम हो गया ज्यादा हो, इससे फर्क नहीं पड़ता लेकिन दलितों की ही हत्याएं क्यों होती हैंद्य? क्यों उनको मारा जाता हैं? इस बारे में हमें सोचना पड़ेगा।

महोदय, अपने अभिभाषण के पौराग्राफ 49 में राष्ट्रपति जी ने बिहार के बारे में जो महसूस किया है, वह बताया है। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि बिहार में 1977 से 1986, इन 10 सालों के दशक में 12 हत्याकांड घटनाएं हुई और 135 लोग मारे गए। इसी तरह 1987 से 1996 के बीच एक दशक गुज़रा जिसमें 12 के बजाय 27 ऐसी हत्याकांड घटनाएं हुई और 309 लोग मारे गए और उसके बाद के दो सालों यानी 1997 और 1998 में 6 ऐसी हत्या घटनाएं हुई और 118 लोग मासरे गए। यानी ग्राफ बढ़ रहा हैं। मौतों का। इसी तरह

के जनवरी महीने में हमने ऐसी 4 घटनाएं देखी हैं जिनमें 60 लोग मरे हैं। यानी 60 लोग एक ही महीने में मारे गए हैं। यानी ग्राफ जा रहा हैं। हमें कम से कम नैतिकता के आधार पर सोचना पड़ेगा कि ऐसा क्यों हो रहा हैं? हम चाहे किसी सेना का नाम लें, बहन मायावती जब उत्तर प्रदेश में शासन कर रही थीं, मैं मथुरा का रहने वाला हूं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि अगर उनके शासन में ढिलाई होती तो ईदगाह की मस्जिद ढह जाती। बहन मायावती को सख्त आदेश देना पड़ा, दूसरे दल के साथ एलायेंस के बावजूद। इसलिए इसकी जिम्मेदारी शासन पर होती है कि वह ऐसी घटनाओं को घटने से रोके।

महोदय, शैडयूल्ट कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राईब्ज़ के लिए तो जो योजनाएं बनती हैं,उनके लिए जो पैसा आता हैं, उसे सरकार रखे रहती हैं। अभी सरकार से एक प्रश्न में पूछा गया कि आसदिवासी जाति के जो लोग विस्थापित हुए हैं, उनके लिए 25 करोड़ रूपया देना इसी सरकार ने तय किया था पिछले साल में, लेकिन अभी इसके बारे में पूछा गया तो वे बोले कि उसमें से कोई पैसा खर्च नहीं हुआ हैं। क्योंकि अभी कोई संस्तुति नहीं आई हैं। यह राज्यसभा में ही केन्द्र सरकार के एक मंत्री का स्टेटमेंट हैं। महोदय, अनुसूचित जाति की अशिक्षित लड़कियों के लिए 3 करोड़ रूपया सुरक्षित रखा गया। अब यह मार्च का महीना है, साल जा रहा है और हम देख रहे हैं कि केवल 6,04.294 रूपह ही खर्च हुए हैं उनके कल्याण पर। कितना बेहतरीन इंप्लीमेंटेशन है इन योजनाओं का? हम इतनी योजनाएं उनके लिए बनाते हैं, बहुत अच्छे रूल्स बनाते है लेकिन उनकी कद्रदानी नहीं हैं। हत्याओं की हम गिनती गिनाते हैं, सन 1955 में अनटचेबिलिटी ऐक्ट बना। फिर 1975 में सिविल प्रोटेक्शन राईट ऐक्ट बना और फिर 1989 मे बनता हैं प्रिवेंशन ऑफ ऐटीसिटीज़ ऑन शैड्यूल्ड कास्ट्स ऐड शैड?यूल्ड ट्राईब्स ऐकट लेकिन तीनों ऐक्ट्स की स्थिति वही है। उत्तर प्रदेश में इसका बहुत मखौल हुआ और यहां तक कहा गया कि इसको लागू नहीं करना चाहिए। अतः महोदय, हमें देखना चाहिए कि अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए जिस प्रकार की भावना लोगों के दिलों में हैं, वह ज्यादा अच्छी और बेहतर नहीं दिखाई देती है। महोदय, मैं अनुसूचित जातियों के बारे में इसलिए बोल रहा हूं कि रिज़र्वेशन, कोटा, रोस्टर इंप्लीमेंटेशन और बैकलॉग के बारे में एक साल से देश में चर्चा हो रही हैं।

यह स्टाप पड़ा हुआ हें। इसमें जुडिशियल इंटरफियरेंस हो गई है और हम इसको दूर नहीं करवा पा

रहे हैं। हमने देखा है कि डिफेक्शन ला बना। इस पर हम सही चर्चा नहीं कर पाए। एक के साथ न्याय हो सकता है और दूसरे के साथ 12 एम0एल0ए0 लटके रह सकते हैं। हमने इसी प्रकार से डिस्ट्रेस माइग्रेशन के बारे में सोचा नहीं हैं। जम्मू कश्मीर में आने वाले लोगों के लिए हमने बहुत अच्छे काम कर रखे हें। लेकिन गांव से पिट करके जो लोग आते हैं उनकी झुग्गी-झोपड़ी भी हम बरकरार नहीं रख सकते। उनको जला देते हैं। इसी प्रकार से इसमें ऐसा कोई एश्यूरेंस नहीं हैं। मैं यह भी देख रहा हूं कि एजूकेशन के बारे में क्लियर बात नहीं की गई हें। दस लाख उन्सठ हजार एक सौ इक्यानवें बसितयां हैं। तथा इसमें पांच लाख बत्तीस हजार नौ सौ बासठ में जो ग्रामीण एरिया हैं उसमें प्राईमरी स्कूल हैं और इस प्रकार से एक लाख पैंत्तालिस हजार आठ सौ चौबिस प्राईमरी स्कूल हैं। जो अनुसूचित जाति के लिए शिक्षा है वह जनरल कॉस्ट की 52 प्रतिशत शिक्षा के सामने पुरूषों की शिक्षा 37.4 प्रतिशत है और महिलाओं की शिक्षा की दृष्टि से 10 प्रतिशत ण्स सी प्रतिशत हैं। लेकिन शैड्यूल्ड ट्राईब्स की स्थिति उससे ज्यादा हैं, उनकी इल्लिट्रेसी 70.4 प्रतिशत हैं। हम एजूकेशन के बारे में कितला फंड और कितना बजट इस समाज के लिए दे रहे हैं इसी प्रकार से 85 प्रतिशत पौपुलेशन हैं 75 प्रतिशत दलित और पिछड़ा समाज हैं। जब हम महिलाओं के आरक्षण की बता करते हैं तो 8 प्रतिशत परसेंट एस0सी0, एस0टी0 और बेक्वर्ट तीनों को मिला देते हैं तो देश में इनकी पौपुलेशन 75 परसेंट हैं। उनकी पौपुलेशन की यहसं ऐसी स्थिति हैं। इसी प्रकार से जो मां अपने बच्चों को दूध नहीं पिला सकती न्यूट्रेशन में जाती हैं। हम पोलियो से कितना रोकेंगे। हम पोलियो के इंजेक्शन तो लगा रहे हैं लेकिन उसको एनर्जी इंजेक्ट नहीं कर रहे हैं। उनके लिए कुछ सोचा नहीं है तथा इसमें कोई सही बात नहीं रखी है। हमारे पास लाखों बच्चे हर साल पढ़ करके तैयार हो रहे हैं। परन्तु उनके रोज़गार के लिए बजट नहीं रखा गया है। जब हम आगे बढ़ रहे हैं। कम्प्यूटर ऐज की तरफ बढ रहे हैं तो यह स्पष्ट करना चाहिए था कि लाखों की संख्या में जो बेरोजगार हैं और बेरोजगारों का चेप्टर रखा गया है तो इन बेरोजगारों के लिए भी इसमें कोई स्पष्ट बात नहीं हैं। इसी प्रकार से हम देखते है लैंड डवलपमेंट के बारे में जब बात आई है तो कई स्टेट के मामले आए हैंद्य लेकिन जो अन-कल्टीवेटीज लैंड देश में 76.4 लाख हेक्टेयर कल्टीवेटिड लैंड इस देश में खाली पड़ी हुई हैं। किसानों

को और 30-30 परसेंट जमीन हो रही है। उन किसानों को ही समस्याएं इतनी है कि उनको हम यह मुहैया नहीं करवा पा रहे हैं और 70 परसेंट जो जमीन है तो लैंड डिस्ट्रिब्यूट के बारे में या उनके लिए कोई एक सरकारी योजना होनी चाहिए। इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया हैं।

इसी प्रकार से जब हम जी0डी0पी0 , एग्रीकल्वर ग्रोथ और इण्डस्ट्रियल ग्रोथ का अनुपात देखते हैं तो 1995-96 में जब जी0डी0पी0 7.6 परसेंट था तो एग्रीकल्वर ग्रोथ मायन्स 2.7 था, इण्उस्ट्रियल ग्रोथ 12.8 था। इण्डस्ट्रियल ग्रोथ आगे था लेकिन एग्रीकल्वर ग्रोथ डाउन था। 1996-97 में जी0डी0पी0 7.8 हैं और एग्रीकल्वर ग्रोथ प्लस 901 हुआ और इण्डस्ट्रियल ग्रोथ 5.6 हैं। 1997-98 में जी0डी0पी0 5.0 हैं, एग्रीकल्वर ग्रोथ फिर मानयस में 6 आ गया और इण्स्ट्रियल ग्रोथ 6.6 प्लस में रहा और 1998-99 मे जी0डी0पी0 5.8, एग्रीकल्वर ग्रोथ 3.9 और इण्डस्ट्रियल ग्रोथ 3.5 हैं। इस प्रकार से हम देखते हैं कि जब हम इण्डस्ट्री की तरफ ध्यान देते हैं, तो हमारा एग्रीकल्वर डूब जाता है और जब एग्रीकल्वर की तरफ ध्यान देते हैं तो हमारी इण्डस्ट्री डूब जाती है। देयर आर सेवरल कंट्राडिक्शन। कंट्राशिक्शन को हम पूरी तरह से नहीं देख पर रहे हैं। इसी प्रकार से हमारी एक समस्या हेल्थ/हेल्थ और हॉस्पिटेलिटी की आती है। दैवीय आपदाओं से हमारे बहुत से लोग, मारे जाते हैं, उनकी झुग्गी-झौपड़ी खेती पाती उजड़ जाती हैं। दैवीय आपदाओं (बाढ़, अतिवाष्टि,भूकंप) में अगर लोग मर जाते हैं तो दस हजार, पांच हजार की हम योजना बनाते हैं। जबकि दैवीय आपदाओं में बहुत से लोगो के घर वीरान हो गए। आज तक उनके लिए किसी प्रकार की बात नहीं की गई हैं। हम महसूस करते हैं कि जहां हत खास तौर से दलितों, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों के साथ सेक्युलरिज्म की बात करते हैं तो महान है वह क्रिश्चयन पादरी की पत्नी जिसने अपने बच्चे और अपना पति खोने के बाद भी कहा कि उस पर जुल्म करने वाले जालिमों को बख्श दिया जाए। हम यह नहीं कहते हैं कि हम यहां के अर्थशास्त्री को कह दें कि इनको क्यों भारत रत्न दिया जाता हैं? हमको सोचना पड़ेगा, हमको यह बात सोचनी पड़ेगी कि दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के साथ हमें इस बात को सदन में कहते हुए कोई शर्म नहीं हैं कि राष्ट्रपति जी ने न्याय देने के लिए अपने जो विचार रखे थे जहां पर अपाइंटमेंट जजों का हो रहा है, उसमें एक प्रजेंस इस समाज की हो, इसके जा पीड़ित लोग हैं, उन्हें न्याय मिल सके लेकिन दूसरे ही दिन आ गया कि ये जो गकेस पड़े हुए हैं, ए कलाख से ज्यादा केस हाई कोट में पेंडिंग पडे हुए हैं। ये सिर्फ राष्ट्रपति के पास डिले होता हैं, राष्ट्रपति के यहां डिले होता है अपाइंटमेंट के लिए इसलिए ये कैसे डिले होते हैं। जब उन्होंने यह कहा कि अत्याचार ज्यादा हो गया है तो बिहार पर टिप्पणी आ गई और कहा गया कि इनकी शासन करने की पोजिशन नहीं रही है। तो ठीक है, सब जगह की सरकार गिरानी चाहिए। अत्याचार क्यों नहीं रोकने की तैयारी होती? तब राष्ट्रपति जी की संचेदनशीलता आई। मध्य प्रदेश में ननों के साथ अत्याचार हुआ, ईसाइयों के साथ हुआ ,श मुसलमानों के साथ हुआ, अल्पसंख्यकों के साथ हुआ, दलितों के साथ हुआ, उसके बारे में आज तक किसी अत्याचारी को फांसी की सज़ा नहीं मिली हैं। यही कारण है कि यहां अत्याचार बढ़ते हैं और सरकार गिराने से ही नहीं, यह जिम्मेदासरी समझने की बात हैं। आप लायबिलिटी समझें। किसका कारण हैं। कौन इसका जिम्मेदार हैं? उसे सज़ा मिलनी चाहिए। ठीक है, सरकार भी गिरा लें लेकिन क्या हमारी जिम्मेदारी नहीं है कि हम सरकार चलाएं? अगर हम सरकार चलाते हैं तो हमारी जिम्मेदारी यह नहीं है, न हम इससे बच सकते हैं कि यहां के आंकड़े कम हैं, यहां के ज्यादा हैं। हमने दो-चार मारे, उन्होंने तो पांच मारे तो हमारा राईट थोड़े ही है मारने काद्य दलित ही क्यों मारे? पिछड़े ही क्यों मारे? अल्पसंख्यक ही क्यों मारे? इतने रेप, इतने बलात्कार होने के बाद हमारा सिर काफी नीचे झुक जाता है। यह एक पार्टी की बात नहीं हैं, यह हमारी नैतिकता की बात हैं। जहां वीर भोग्या वसुन्धरा की बात कर रहे हैं, जहां पर सर्वाइवल ऑफ दि फिटेस्ट की बात आ रही है, कहां डेमोक्रेसी नज़र आ रही हैं? जहां पर लट्ठ की बात आ रही हैं चुनाव सुधार की बात करते हैं, वहां भी लट्ठ हैं। जहां समाज सुधार की बात करते हैं, वहां भी लट्ठ और गोली है फिर कौन इनको बचाएगा? मैं यह महसूस करता हूं कि भारत की संसद में इस बात को तय करना चाहिए कि रिस्पा न्सिबल कौन हैं? रिस्पा न्सिबिलिटी हमेशा इम्पोज़ की जानी चाहिए कि दोषी कौन हैं? दोषी को आज तक इस लेबल पर हमने कभी भी नहीं सोचा और न हमने न्याय देने की मंशा बनाई। यही कारण है कि हम लोग काफी दुखी हुए। हमने अपनी जो टेक्रालॉजी हैं, जो एटॉमिक एनर्जी हैं, अभी भी जो चीजें हैं, उनमें हम राष्ट्रपति जी का स्वागत करते हैं और वाईलेट्रस टॉक्स फॉर पाकिस्तान का भी स्वागत करते हैं। शेष जो बातें हैं, उनमें हमने अपना विरोध दर्ज किया है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

,

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Your party has six minutes and there are two speakers.

श्रीमती सरोज दुबे (बिहार) **:** उपसभाध्यक्ष महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी कमक अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। मुझे ऐसा लगता है कि इस अभिभाषण में वर्णित जो विवरण है, वचह सच्चाई और व्यवहारिकता से काफी दूर है। कोई भी अभिभाषण सरकार द्वारा किए गए कार्यों का और उसके द्वारा भविष्य में आने वाली चुनौतियों, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक चफनौतियों का मुकाबला करने का एक ठोस कार्यक्रम होता है लेकिन यह जो अभिभाषण हैं, इसमें कोई ठोस कार्यक्रम नहीं दिया गया है और यह लक्ष्यहीन, दिशाविहीन और बड़ा कमज़ोर सा एक लंबा सा बल्कि एक लुभवना अभिभाषण तैयार किया गया। हमारे माननीय सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा कि यह अभिभाषण इसलिए लंबा हो गया कि हमारी 11 माह की सरकार की उपलब्धियां बहुत ज्यादा हो गई और अपनी उपलब्धियों की प्रशंसा करके, अपनी प्रशंसा करके अपनी पीठ से स्वयं ही थपथपाते रहे लेकिन मैं यह नहीं समझ पा रही कि कौन सी उपलब्धियों पर ये अपने आप को शाबासी दे रहे थे? क्या इस देश को मंहगाई के नीचे दवा कर 80 रूपए किलो प्याज़, 3 रूपए किलो आलू और 90 रूपए किलो तेल बेचकर मध्यम वर्ग और गरीब

वर्ग को भुखमरी के कगार पर खड़ा कर देना ही एक उपलब्धि थी? क्या क्रिकेट की पिच को रात के अंधेरे में खोद कर एक अंतर्राष्ट्रीय लोकप्रिय खेल को साम्प्रदायिक रंग देना और हिंदू-मुस्लिम में बांट देना, हिंदुस्तान पाकिस्तान को बांट देना आपकी उपलब्धि थी?

इस देश में ईसाई समुदाय जो इस देश में सेवा करने के लिए रूका हुआ था आस्ट्रेलियाई स्टीवर्ट स्टेन और उसके बच्चों की जिंदा जलाकर निमर्म हत्या कर दी और उनके बचाव की चिल्लाहट की आवाज को ताली बजाकर स्वागत करना हल्ला मचाना क्या यह आपकी उपलब्धि हैं? क्श शिक्षा के क्षेत्र में अपरिमित योगदान देने वाली ननों के साथ योजनाबद्ध तरीके से बलात्कार करना आपकी उपलब्धि हैं? क्या बिहार की लोकतांत्रिक सरकार को गैर-कानूनी तरीके से बर्खास्त करना आपकी उपलब्धि हैं? अगर आप इसको अपनी उपलब्धि मानते हैं तो मैं नहीं समझती कि ऐसी उपलब्धि इस देश को चाहिए। यह उपलब्धि नहीं हैं। यह तो देश को बर्बादी के कगार पर ले जाने की कोशिश है देश को बांटने की एक साजिश हैं।

महोदय, इन्हें सत्ता के नशे में यह भी होश नहीं है कि जब इन्होंने महंगाइ बढ़ाई, जब इन्होंने अत्याचार किए तो इनको चार राज्यों में ठुकरा कर किनारे कर दिया गया। जब इन्होंने ईसाई समुदाय पर बर्बर अत्याचार किए तो 11 में से इन्हें केवल दो सीट मिली। इनका जनाधार निकलता जा रहा हैं और ये अपनी उपलब्धियों का बखान करते चले जा रहे हैं। बिहार में जब उप-चुनाव हुआ तो इनका खाता तक नहीं खुल सका। ये बिना वजह घड़ियाली आंसू बहाते रहते हैं, बिहार की चिन्ता करते रहते हैं और बिहार की जनता इनको अपने क्षेत्र में देखना नहीं चाहती हैं। बिहार में इन्होंने जिस ढंग से धारा 356 का दुरूप्रयोग करके बिहार के काम-काज को रोका है, बिहार की सरकार के विकास के कामों में रूकावट डाली हैं, यह इतिहास के काले शब्दों में लिखी जाने वाली बात है। यह सरकार खुद खुश नहीं हैं क्योंकि यह जब भी कोई काम करना शुरू करती हैं तो इसके सहयोगी दल इसको ब्लैकमेल करने लगते हैं और ये काम करना छोड़कर चरणवंदना करने के लिए भागने लगती हैं। इनसे सहयोगी दल भी खुश नहीं हैं क्योंकि उनकी इच्छा पूरी नहीं हो पा रही हें। उनके लक्ष्य इनसे टकरा रहे हैं। इनसे जनता भी खुश नहीं हैं क्योंकि जनता को ये कुछ नहीं दे पा रहे हैं। जनता इन साम्प्रदायिक ताकतों के चंगुल से निकलने के लिए छटपटा रही हैं, निजात पाना चाह रही हें। इन्होंने देश को बीस साल पीछे धकेल दिया है और देश को बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। मैं इनसे केवल इतना ही कहना चाहूंगी:-

"वतन की फिक्र कर ना दां, कयामत आने वाली है,
तेरी बर्बादियों के तजकरें हैं, आसमानों में, न समझेंगे तो मिट जाओगे,
ऐ भाजपा वालों तुम्हारी दास्तां तक न होगी, दास्तानों में।"

आपकी बर्बादी की जो काली घटाएं हैं, वह आसमान में छा रही हैं, उसको देखने की कोशिश करिए नहीं तो बर्बाद हो जाओगे। ... (**व्यवधान**) ... आपको कांग्रेस की चिन्ता ज्यादा है अपनी चिन्ता नहीं हैं। आपको दलितों की चिन्ता नहीं हैं। भाजपा की चिन्ता है कि हम सुखी, अहमं ब्रह्मस्ति, हम सुखी तो जग सुखी। आप तो इस बात पर यकीन करते हैं। आपको और बातों से क्या लेना देना?

H महोदय, इनको बिहार का नाम सुनकर कुछ-कुछ होने लगता है। बिहार का नाम सुनकर सारे लोग उठ खड़े होते हैं। अभी आज़मी साहब ने जैसे ही बिहार के आंकड़े बताने शुरू किए, सब उछलने लगे, सचचाई को सुनने की इनमें ताकत नहीं हैं। बिहार की एक महिलामुख्य मंत्री, वह भी पिछड़े वर्ग की इनकी आंखों की किरकिरी बन गई? राबड़ी देवी की बढ़ती लोकप्रियता ने इनकी रातों की नींद उड़ा दी। इन्होंने साम-दास-दण्ड-भेद से, एक सुनियोजित ढंग से, एक हत्याकांड कराकर बिहार में धारा 356 लगाने का काम किया है। इनकी बिहार पर गिद्ध दृष्टि बहुत दिनों से लगी हुई थी, ये करीब एक साल से साजिश कर रहे थे। इसीलिए इन्होंने आरएसएस के प्रमृख व्यक्ति को बिहार का गवर्नर बनाकर भेजा कि किसी भी तरह से वे बिहार की सरकार को बर्खास्त कर दें। चाहे 24 घंटे का राज मिल जाए, हमें बिहार में राज करना हें। यह इच्छा पूरी करने के लिए इन्होंने तमाम सिद्धान्तों को तिलांजलि दे दी। तो मैं अपवने यहां की जो धर्म-निरपेक्ष ताकतें हैं जो लोकतंत्रवाद पर विश्वास करते हैं, जो लोकतंत्र प्रेमी है उनको बधाई देना चाहता हूं जो उन्होंने अभूतपूव्र एकजुटता दिखाई और इन साम्प्रदायिसक ताकतों को घुटने टेकने पर मजबूर किया। ... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (**श्री जान एफ0 फर्नांडिस**) : गौतम जी प्लीज। ... (**व्यवधान**) ...

श्रीमती सरोज दुबे : आप दलितो की फिक्र कीजिए, कांग्रेस की आप फिक्र मत करिए। कांग्रेस का नाम इतिहास के सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। लेकिन इस देश को बांटने वाले, इस देश को धर्म के नाम पर चलाने वाले लोगों से देश को बचाने की उन्होंने काम किया हैं। मैं तमाम वामपंथी लोगों को भी बधाई देती हूं जिन्होंनें आगे बढ़कर इनके बढ़ते हुए कदमों को रोका हैं। मैं समाजवादी पार्टी और जनता दल के लोगों को भी बधाई देना चाहती हूं जिन्होंने आगे बढ़कर साम्प्रदायिक ताकतों के इस देश के टुकड़े टुकड़े करने और खंड खंड करने की साजिश को रोकने के लिए काम किया है। यह एक अभूतपूर्व एकता है और इतिहास में यह एक नया सुनहरा पृष्ठ जोड़ा गया हैं।

महोदय, अतंर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यह हमारे विपक्ष कीद एकता ने, धमर्निपेक्षता ताकतों के हाथ से बिहार के शासन को छीनकर दुबारा राबड़ी देवी के हाथ में वहां की बागडोर देकर, उन्हें पुनः मुख्य मंत्री बनाकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को सार्थक बना दिया है और मैं इसके लिए आप सब को बधाई देना चाहती हूं। ... (**व्यवधान**) ...

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी : आपको पार्लियामें की परम्परा मालूम नहीं हें। यह थाना नहीं हैं ... (**व्यवधान**) ... यह पार्लियामेंट हैं। यहां आपको अभी काफी कुछ सीखना पड़ेगा।

†مولانا عبیداللہ خاں اعظمی: آپکو پارلیمنٹ کی پرمپرا معلوم نہیں ہے۔ یہ تھانہ نہیں ہے ..."مداخلت"...یہ پارلیمنٹ ہے یہاں آپکو ابھی کافی کچھ سیکھنا پڑیگا۔

श्रीमती सरोज दुबे : महोदय, ये अच्छी तरह से जानते थे कि राज्य सभा में इनका बहुमत नहीं हैं। लेकिन जैसा कि मैंने कहा उनकी नजर बिहार के ऊपर थी। ये एक दिन, दो दिन, 24 घंटे के लिए भी वहां राज करना चाहते थे। इसीलिए उन्होंने बिहार में 356 लगाकर इतनी बड़ी जलालत खेली। लोक सभा में जोड़तोड़ करके, पैरों में पड़कर, साष्टांग करके किसी तरह से वहां से निकलवा दिया लेकिन राज्य सभा में आने की इनकी हिम्मत नहीं हुई। यह राज्य सभा में सामना करने के लिए

नहीं आए और मैदान छोड़ गए। अगर आप इसको राज्य सभा में ले आते तो यहां उस पर बहस करते, कुछ बातें सामने आतीं। लेकिन आप जो दलितों के लिए कुछ करना नहीं चाहते हैं। बिहार में जो रणवीर सेना है जिनको इनका संरक्षण प्राप्त है, जिनको बजरंग दल के संरक्षण प्राप्त हैं, उनके द्वारा नृशंश हत्यायें हुई और यह कांड इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा। बिहार के लोग आज भी इस बात को जानते हैं कि राबड़ी देवी वहां शपथ ले रही हैं और आप अपना मुंह छिपाकर यहां बैठे हुए हैं। आपको बोलने का भी कोई मारल अधिकार नहीं हैं, आपने लोक सभा का कीमती वक्त बरबाद किया, आपने लोकतंत्र का मजाक उड़ाया, आपने सामाजिक न्याय का मजाक उड़ाया और आपने इस देश को ऐसे रास्ते पर डालने का प्रयास किया है जहां लोकतंत्र की परम्परा की हत्या होती हैं, लोकतंत्र की परम्पराकागला रेता जाता हैं। इसके लिए देश की जनता आपको सभी माफ करने वाली नहीं हैं। वैसे जनता आपको ही ठुकरा चुकी हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री जान एफ0 फर्नांडिस) आपने 10 मिनट ले लिए। Your party has six minutes. You have already taken ten

†[]Translitration in Arabic Script

minutes. Please conclude now. No more time, please. There are more speakers.

श्रीमती सरोज दुबे : मैं खत्म करने की कोशिश करती हूं।

महोदय, इनकी शतरंज की चाल फेल हो गई। इन्होंने देश के साथ धोखा किया, बिहार के साथ धोखा किया इसलिए एक पल भी इस गद्दी पर रहने का अधिकार नहीं हैं। इसलिए मैं गृह मंत्री और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग करती हूं और साथ ही साथ जो बिहार में दलितों के खैर ख्,वाह बनते हैं, जो बिहार में अपना बड़ा संगठन बनाना चाहते हैं चार्ज फर्नाडिस और नीतीश कुमार, मैं कहना चाहती हूं इन्हीं के बहकाने पर इन्होंने बिहार में 3546 लगाई। इन्हीं के कहने पर यह घृणित कार्य किया। लेकिन गलत काम का गलत अंजाम इन्हें मिल गया। आपने बबुल का पेड़ लगाया, उसके कांटे आपके शरीर में चुभ गए और आप खुद लहू- लुहान हो गए।

इतने लहु-लुहान हो गये कि राज्य सभा तक नहीं आ पाए और राज्य सभा का अर्थहीन बनाने को जो काम किया हैं ... (**व्यवधान**) एक छोटी सी बात मैं कहना चाहती हूं। मैं महिला हूं, इसलिए यह बात कहना बहुत जरूरी है। महोदय, बड़ा ढोल पीटा जाता है महिला आरक्षण का। कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस था। प्रधानमंत्री जी डिक्लेयर कर रहे थे, सब महिलाओं के बड़े खैख्वाह बन ग थे। लेकिन राष्ट्रपति के अभिभाषण में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण का कोई जिक्र नहीं किया गया है जबकि पूरे देश की महिलाएं 33 प्रतिशत आरक्षण लेने के लिए उद्देलित हो चुकी हैं। साथ ही साथ पिछड़े वर्गों की महिलाएं और अल्पसंख्यक महिलाएं भी एकजुट हो कर अपनी मांग को रख रही हैं। इन्होंने यह नहीं किया। आजादी के 50 साल हो गये, कम्पयूअर के युग मे सेटेलाइट के युग में आज भी हमारी भारत की नारी आंखों में आंसू लिये, होठों पर सिसकी लिये, फटी साड़ी से अपनी इज्जत को ढांकती हुई अपने अधिकारों के संरक्षण की मांग कर रही हैं आज हमें 50साल हो गये न तो उनको हम शौचचाल्य दे पाए और न इनको स्नानगृह दे पाए। आज भी हमारी बहनें सड़कों पर जब तेज़ गाड़िया चलती हैं उनकी रोशनी में में हउबड़ाते हुए अपनी साड़ी सम्भालते हुउ टूटा हुआ डिब्बा हाथ में कर खड़ी हो जाती हैं तो हमारे विकास के नाम पर महिलाओं के साथ जो प्रतिबद्ध होने का दावा करते हैं, उस पर सवालिया निशान लग जाता हैं। महोदय, हमारी मेहनत करने वाली महिलाएं हैं

जो पतथर ढोती हैं, दिन भर बोझा ढोती हैं, जब वह गर्भवती होती हैं तो उस हालत में भी काम करती हैं। उसके बाद भी अब उनको प्रसव वेदना हो जाती है तो वही कार्य स्थल पर किमसी कोने में जा कर नाले के किनारे या मिट्टी के ढेर पर बिना किसी नर्स या दाई के बच्चे को प्रसव करती हैं और घंटे- दो घंटे बच्चे के पास रह कर, आसराम कर के फिर काम पर चले जाने के लिए मजबूर है क्योंकि यदि काम पर नहीं जाएंगी तो उनके परिवार को भोजन नहीं मिलेगा। इसलिए काम पर चली जाती हैं। अब मैं उन महिलाओं के बारे में कहना चाहती हूं जो छोटी-छोटी झोपड़ियों में रहती हैं। उसके साथ सास, ससुर, मुर्गी बकरी तमाम लोग उसी छोटी सी झोपड़ी में रहते हैं। वह नारी स्नान करने के लिए मजबूर हैं। मैं यह कहना चाहती हूं कि क्या केवल बड़े घरानों की महिलाओं की इज्जत हैं। हमें इस पर ऐतराज़ नहीं है कि बड़े घरानों के बाथ रूम में दरवाजे होते हैं, दरवाजे के अन्दर पर्दा होता है, पर्दे के अन्दर फिर पर्दा होता हैं, उसके अन्दर बाथ टब होता है? कोई खूब कालीन बिछा कर नहाए, हमें उस पर कोई ऐतराज़ नहीं हें। लेकिन इस देश की पिछड़े वर्ग की जो अविकसित नारी है, उसके लिए कम से कम दीवार का पर्दा तो बनवा दें। हमें इस पर कोई ऐतराज़ नहीं है कि एयरकंडीशंड नर्सिग होम में पैदा होने वाले बच्चों को, मां के लिए सुविधाएं हैं लेकिन हम यह जरूर मांग करते हैं कि नाले के किनारे पैदा होने वाले बच्चों को एक चममच ग्राइप वाटर और दूध मिलना चाहिये। उसकी मां को पौष्टिक आहार मिलना चाहिये। (**व्यवधान**) इस तरह

की स्थिति महिलाओं की हैं। इस तरह की महिलाओं की दुर्दशा है, यह भारत देश गांवों में रहता हैं। वह महिला जो सिर पर मटका लिये, एक बच्चा गोद में होता हैं,

ऐ गर्भ में होता है, एक पीछे रोता हुआ दौड़ता रहता है, मटका पानी के लिए मीलों चलकर लगाती है तब पानी ले कर आती है। इसके बाद फिर वह चारा लेने के लिए चली जाती हैं। फिर लकड़ी लेने के लिए चली जाती हैं। हम उस महिला को धूंआविहीन चूल्हा तक नहीं दे पसए और न जलारऊ लकड़ी दे पाए, न उसे पेयजल दे पाए। यह आज के युग में महिलाओं की दुर्दशा हैं। इसी कारण आज हमारे देश में 63 प्रतिशत बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। बच्चे कमज़ोर पेदा होते हैं। उनको बीमारियों का शिकार हो जाना पड़ता हैं। केवल 47 प्रतिशत लोगों को शुद्ध पेयजल मिलता हैं। बाकी महिलाओं को पेयजल का इतज़ाम करने के लिए भटकना पडता हैं। मैं आपसे यह कहना चाहती हूं कि

महिलाओं के लिए घड़ियाल आंसू बहाने वालों कम से कम इतनी कोशिश तो करो कि जो आपकी बहन बेटी है, आपके गांव में विचरने वाली महिलाएं हैं जरा उनके बारे में सोचने का काम शुरू कर दो। जो योजनाएं चली थीं कि जब लड़की पैदा होगी तो तीन सौ रूपये मिलेंगे, हर परिवार को प्रसूति के समय सुविधा देंगे, उन कामों को शुरू कर दीजिये। बच्चे जो कुपोषित हैं, भूखे हैं उनके लिए मिड-डे मील की यसेजना चलाई गई थी, वह भी खत्म कर दी गई? वह भी खत्म कर दी गई। मैं जानना चाहती हूं कि किस प्रकार के विकास का काम आप कर रहे हैं। केवल आणविक बम, परमाणु विस्फोट कर देने से यह देश आगे नहीं बढ़ पाएगा। इस देश की गरब जनता को रोटी चाहिए। इस देश के हर नौजवान के हाथ को काम चाहिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Madam, please conclude! You have already taken 16 minutes.

श्रीमती सरोज दुबे : सिर्फ एक मिनट। किसानों ने अन्न भंडार भी दिए हैं लेकिन किसानों के साथ इन्होंने बहुत अन्याय किया हैं। 4 हजार रूपए प्रति टन इन्होंने यूरिया पर बढ़ाकर अपना राजकोषिय घाटा तो जरूर पूरा कर दिया है लेकिन आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या बढ़ाने का काम भी किया हैं। सीमांत किसान और छोटे किसानों की पीठ में छुरा भोंका गया है। वह इस बार कर्ज से परेशान हो जाएगा। इन्होंने देश के अन्न भंडार को भरने वाले लोगों के साथ न्याय नहीं किया हैं। श्वेत क्रांति की बात की हैं। इस श्वेत क्रांति में इनका कोई योगदान नहीं है, न हरित क्रांति में भारतीय जनता पार्टी का कोई योगदान हैं। यह तो किसानों की तपस्या का फल है जिससे देश आगे बढ़ रहा हैं। आणविक शक्ति में भी इनका कोई योगदान नहीं हैं। यह तो हमारे वैज्ञानिकों की तपस्या हैं। यह तो पहले की सरकारों का सरंक्षण है जिसके कारण हमारे यहां परमाणु बम तैयार हुआ। मैं इसके लिए केवल यह कहना चाहूंगी कि "मैं तो पहाड़ों से लड़ता रहा और चंद लोग आए, गीली मिट्टी खोदकर प्रह्लाद बन गए" यह इनका हाल है।इन्होंने आते ही बम फोड़ दिया और पूरे देश में पीठ थपथपाने लगे। भूल गए कि उसका अंजाम क्या होगा। देश की सुरक्षा किसको कहते हैं? देश किस बात से चलता हैं। जिस समय पाकिस्तान से लड़ाई हुर्ठ थी और अमेरिका का सातवां बेड़ा समुद्र मं खड़ा हो गया था, इंदिरा गांधी ने एक हुंकार भरी थी, सातवां बेड़ा वापस जाने के लिए मजबूर हो गया था। इसको कहते हैं।

शासन चलाना। बम फोढ़कर शासन नहीं चलाया जाता हैं। कूटनीति, राजनीति और विदेश नीति से चलाया जाता हैं। आपने इस देश की विदेश नीति को बिल्कुल नष्ट कर दिया हैं और जाकर फिर ये कौन थे पाकिस्तान के शरीफ साहब के चरणों में गिर गए 22 लोगों की हत्या करके नवाज शरीफ ने उसकीर सलामी दे दी थी। तो यह एक अच्छा प्रयास इन्होंने कहा ... (**समय की घंटी**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JOHN F. FERNANDES): Please conclude now. Please take your seat.

श्रीमती सरोज दुबे : उप-सभाध्यक्ष महोदय, मैं केवल शिक्षा के बारे में कहना चाहती हूं कि कृपा करके हम देशर के बचपन, इस देश का वर्तमान तो असुरक्षित हैं लेकिन भविष्य को सुरक्षित बनाने का काम कीजिए। स्कूलों का खुलना बहुत जरूरी है। बच्चों के बीच में शिक्षा का प्रचार बहुत जरूरी हैं। बच्चों के लिए मिड-डे मील की योजना को चला दे। हमारे बिहार में प्रति बच्चा एक रूपया दिया जा रहा हैं। इसलिए कि बच्चे स्कूल में पढ़ने जाएं तो आपने कहा है कि जो मिड-डे मील की स्कीम चल रही हैं उसको भी खत्म कर दिया जाए। राजनीति में अपराधीकरण को बंद कर दे वरना सरकारें अपराधियों के इशारे पर चलेंगी और इस देश का नागरिक छटपटाता रहेगा और जरा दोहरे मानदण्ड बंद कर दे। बिहार के लिए एक मानदण्ड और महाराष्ट्र के लिए दूसरा मानदण्ड उन रखें। ईसाई समुदाय के लोगों की जघन्य हत्या हुई उसके बारे में धर्मातरण पर बहस कराने की आपने बात की है। धर्मातरण पर बहस कराने की क्या जरूरत हैं। हिंदू धर्म पर बहस करा लीजिए आपको धमर्इतरण होने का पता चल जाएगा कोई बाह्मण धर्म को हो या हमारे मनमोहन सिंह जी या कोई और हो वे जाने वाले नहीं हें। केवल वह व्यक्ति धर्मपरिवर्तित करता हैं जो समाज में उपेक्षित है जिसको जाति की श्रेणी में सबसे नीचे बैठा दिया गया हैं, जिसको खाने को नहीं हैं। अगर कुष्ठ रोगी होता है तो उसको कोई छूने को तैयार नहीं होता हैं। वह धर्मातरण करता हैं। इसलिए इन लोगों की सेवा करने वाले लोगों को जो संसार में विख्यात हैं शांतिप्रिय ईसाई समुदाय इनके साथ अत्याचार मत करो। इस देश को आपने पहले ही हिंदू और मुसलमान में बांटा हैं। मन्दिर और मस्जिद में बांटकर खून की नदियां बहायी हैं। इस देश को खून से लाल किया हैं। भारतमाता को लहू-लुहान किया हैं। आप कम से कम हिंदू और ईसाई को भी मत बांटे। इसे बाइबिल,चर्च और मन्दिर में मत बांटे। इतना तो ख्याल करें । यह देश बहुधर्मी देश है। इनको मिलाकर चलना

हैं। इसकी अपनी संस्कृति हैं। हम सब –जन जब मिलकर हिंदू सिंख, ईसाई जब एक साथ चलेंगे तभी यह देश आगे बढ़ेगा। कब तक मजहबी नारा बांटिएगा। कब तक सांप्रदायिक उन्माद फैलाइएगा। जब मन्दिर, मस्जिद औरद चर्च के चक्कर में वतन ही नहीं रहेगा तो क्या बांटिएगा। इसलिए होश में आ जाइए। देश को एक करने का काम कीजिए। गरीब जनता के आंसू पोंछिए और देश को विकास के रास्ते पर ले जाइए। यह अपनी पीठ थपथपाना बंद कर दीजिए और इस देश को आगे बढ़ाने का काम कीजिए, धन्यवाद।

